बिजनेस न्यूज

वीवो वाय51 प्रो 5जी: लंबी बैटरी लाइफ और स्मार्ट फीचर्स से लैस स्मार्टफोन

इंदौर। वीवो ने हाल ही में अपनी लोकप्रिय वाय-सीरीज़ का विस्तार करते हुए वीवो वाय51 प्रो लॉन्च किया है। यह स्मार्टफोन उन यूजर्स के लिए डिज़ाइन किया गया है जो भरोसेमंद परफॉर्मेंस, मजबूत बैटरी लाइफ और स्मार्ट फीचर्स को एक स्टाइलिश पैकेज में चाहते हैं। रोज़मर्रा के उपयोग और लंबे समय तक चलने वाली पावर पर फोकस करते हुए, यह डिवाइस सक्षम हार्डवेयर और स्मार्ट सॉफ्टवेयर का बेहतरीन संतुलन पेश करता है। इस डिवाइस के केंद्र में मीडियाटेक डाइमेंसिटी 7360 टर्बो चिपसेट दिया गया है, जो रोज़मर्रा के काम, एंटरटेनमेंट और गेमिंग के लिए भरोसेमंद परफॉर्मेंस देता है। इसकी एफिशिएंट आर्किटेक्चर मल्टीटास्किंग और लंबे गेमिंग सेशन्स को आसानी से संभालती है, साथ ही थर्मल एफिशिएंसी भी बनाए रखती है।

जी टीवी के शो 'गंगा माई की बेटियां' में शहजाद शेख की हुई एंट्री

इंदौर। जी टीवी का पॉपुलर शो 'गंगा माई की बेटियां', जिसमें शीजान खान और अमनदीप सिद्धू लीड रोल में नजर आ रहे हैं, अब अपनी कहानी में एक नया मोड़ लाने जा रहा है। शो में अब एक नया किरदार जुड़ने वाला है। जाने-माने एक्टर शहजाद शेख इस शो का हिस्सा बन गए हैं और वो श्लोक के रोल में नजर आएंगे, जो एक होटलियर है और जिसकी एंट्री से सिद्धू और स्नेहा की जिंदगी में नए ट्विस्ट और दिलचस्प मोड़ देखने को मिलेंगे। शहजाद शेख कहते हैं, 'मैंने अपना करियर जी टीवी के साथ 12 साल पहले 'कुबूल है' से शुरू किया था और अब इतने साल बाद फिर से जी परिवार का हिस्सा बनना मेरे लिए बहुत खास है। मैं 'गंगा माई की बेटियां' को पहले से फॉलो कर रहा था और जब मुझे यह शो ऑफर हुआ, तो शुरुआत में मैं थोड़ा कंफ्यूज था। लेकिन जब मैंने किरदार एवं कहानी को अच्छे से समझा, तो मुझे लगा कि यह करना चाहिए।

डॉ. रेड्डीज लैबोरेट्रीज ने सेमाग्लूटाइड इंजेक्शन 'ओबेडा' लॉन्च किया

इंदौर। डॉ. रेड्डीज लैबोरेट्रीज लिमिटेड अपनी सहायक कंपनियों सहित, जिन्हें सामूहिक रूप से 'डॉ. रेड्डीज' कहा जाता है), एक वैश्विक फार्मास्युटिकल कंपनी, ने आज 'ओबेडा' ब्रांड नाम के तहत अपने इंजेक्टेबल सेमाग्लूटाइड के लॉन्च की घोषणा की। यह भारत में टाइप 2 डायबिटीज के प्रबंधन के लिए उन्नत जीएलपी-1 रिसेप्टर एगोनिस्ट आधारित थेरेपी तक पहुंच का विस्तार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। डॉ. रेड्डीज जेनरिक सेमाग्लूटाइड के लिए ड्रग्स कंट्रोलर जनरल ऑफ इंडिया (डीसीजीआई) से मंजूरी प्राप्त करने वाली पहली भारतीय कंपनी बन गई है। यह लॉन्च पेटेंट समाप्ति के साथ ही इस सेगमेंट में कंपनी की 'डे-1' एंट्री को रेखांकित करता है और भारत में मरीजों की अपूर्ण आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए उसकी तत्परता को दर्शाता है। डॉ. रेड्डीज़ के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एरेज़ इस्राएली ने कहा, 'आज का यह लॉन्च हमारे लिए एक महत्वपूर्ण कदम है।

इंदौर की ईपीसी कंपनी लैक्स्यो लाएगी 150 करोड़ रुपए का आईपीओ

इंदौर। इंदौर स्थित रेलवे इंफ्रास्ट्रक्चर और इंजीनियरिंग, प्रोक्योरमेंट एंड कंस्ट्रक्शन (ईपीसी) सेवाएं देने वाली कंपनी लैक्स्यो लिमिटेड ने अपने प्रस्तावित प्रारंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के लिए भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) के पास ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस (डीआरएचपी) दाखिल किया है। इस आईपीओ के तहत कंपनी 150 करोड़ रुपये तक के नए इक्विटी शेयर जारी करेगी। कंपनी इस इश्यू से प्राप्त राशि का उपयोग मुख्य रूप से 70 करोड़ रुपये के कर्ज के प्रीपेमेंट या पुनर्भुगतान, लगभग 9.75 करोड़ रुपये के पूंजीगत खर्च (उपकरण खरीद) और करीब 23 करोड़ रुपये की कार्यशील पूंजी आवश्यकताओं को पूरा करने में करेगी। कंपनी बुक रनिंग लीड मैनेजर के परामर्श से 30 करोड़ रुपये तक का प्री-आईपीओ प्लेसमेंट भी कर सकती है। कंपनी के प्रमोटर्स में देव प्रकाश शर्मा, जय प्रकाश शर्मा, योगेश शर्मा और राजेश्वरी शर्मा शामिल हैं।

केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने 200 करोड़ की सीएसआर पहल का उद्घाटन किया

इंदौर। ज्वेलरी ब्रांड, मलाबार गोल्ड एंड डायमंड्स ने आज वित्त वर्ष 2026-27 के लिए कॉरपोरेट सामाजिक जिम्मेदारी (सीएसआर) के तहत 200 करोड़ के योगदान की घोषणा की। यह कार्यक्रम नई दिल्ली स्थित डॉ. अंबेडकर इंटरनेशनल सेंटर में आयोजित किया गया, जिसमें केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल उपस्थित रहे। इस सीएसआर पहल के तहत केंद्रीय मंत्री ने देशभर की 33,000 छात्राओं के लिए शैक्षणिक छात्रवृत्ति वितरण का शुभारंभ किया। इस अवसर पर मलाबार समूह के चेयरमैन एम.पी. अहमद, इंडिया ऑपरेशंस के प्रबंध निदेशक ओ. अशर, कार्यकारी निदेशक निशाद ए.के. और अब्दुल्ला इब्राहिम, केरल हाउस के रेजिडेंट कमिश्नर पुनीत कुमार (आईएएस), प्रथम के सीईओ रुक्मिणी बनर्जी और थानल के चेयरमैन डॉ. इदरीस सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। चेयरमैन एम.पी. अहमद ने कहा कि 'मानव संसाधन विकास राष्ट्रीय प्रगति की रीढ़ है।'

टास्कअस ने कार्यशाला के माध्यम से महिला उद्यमिता को बढ़ावा दिया

इंदौर। महिला सशक्तिकरण और समावेशी विकास के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को और मजबूत करते हुए, टास्कअस ने 'एम फॉर द अवेयरनेस ऑफ सोसायटी' (एएएस) के साथ साझेदारी करके इंदौर में एक तीन-दिवसीय उद्यमिता विकास कार्यशाला का आयोजन किया। इसका उद्देश्य सुविधाओं से वंचित समुदायों की महिलाओं को स्थायी आजीविका बनाने के लिए आवश्यक ज्ञान और आत्मविश्वास के साथ तैयार करना था। 'शी इनक्यूबेट्स' पहल के तहत आयोजित, 'सोच से उद्यम तक - बिल्डिंग आंत्रप्रेन्योरल थिंकिंग' (सोच से उद्यम तक - उद्यमिता सोच का निर्माण) नामक इस कार्यशाला में आर्थिक रूप से कमज़ोर पृष्ठभूमि से आने वाली 25 महिलाओं ने भाग लिया। इस पर सपना भंबानी, एसवीपी (ऑपरेशंस) और कंट्री लीडर, टास्कअस इंडिया ने कहा कि 'टास्कअस में, हमारा मानना है कि महिलाओं को नॉलेज, स्किल्स और बेहतर अवसरों तक पहुंच प्रदान करके सशक्त बनाना, मज़बूत समुदायों और समावेशी विकास के निर्माण के लिए अत्यंत आवश्यक है।

बिलियनेयर में मुख्य भूमिका निभाने के लिए अर्जुन रामपाल को शामिल किया

इंदौर। एमेज़ॅन एमएक्स प्लेयर ने एमेज़ॅन विज्ञापन के 'कनेक्टेड वर्ल्डस्' इवेंट में शानदार माहौल बनाया, जहां उसने अपनी आगामी सीरीज बिलियनेयर का ऐलान किया। इस सीरीज़ में मुख्य भूमिका में अर्जुन रामपाल नजर आएंगे। प्रख्यात फिल्मकार हंसल मेहता और रॉबी ग्रेवाल के निर्देशन में बन रही इस सीरीज़ को अनुभव चोपड़ा और शांतनु सागर ने लिखा है, जबकि इसका निर्माण प्रभलीन संधू द्वारा ऑलमाइटी मोशन पिक्चर के बैनर तले किया जा रहा है। यह घोषणा एमेज़ॅन एमएक्स प्लेयर के बढ़ते ओरिजिनल कंटेंट पोर्टफोलियो में एक महत्वपूर्ण कदम है। एमेज़ॅन एमएक्स प्लेयर के हेड ऑफ कंटेंट, अमोघ दुसाद ने कहा,'बिलियनेयर महत्वाकांक्षा, शक्ति और सफलता की कीमत की कहानी है। एमेज़ॅन ऐड्स इवेंट में इस सीरीज़ का अनावरण करना हमारे लिए एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है।'

सिम्बायोसिस इंटरनेशनल द्वारा एसईटी एंड एसआईटीईईई आवेदन बंद हो रहे हैं

इंदौर। सिम्बायोसिस इंटरनेशनल (डीम्ड युनिवर्सिटी) अपने फुल-टाईम अंडरग्रेजुएट प्रोग्रामों में प्रवेश के लिए एसईटी-2026 (सिम्बायोसिस एंट्रेंस टेस्ट) और एसआईटीईईई-2026 (सिम्बायोसिस इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी इंजीनियरिंग एंट्रेंस एक्जाम) के रजिस्ट्रेशन जल्द बंद करने जा रही है। इच्छुक छात्र 15 अप्रैल 2026 तक इन परीक्षाओं के लिए आवेदन कर सकते हैं। आवेदन करने वाले छात्र ध्यान दें कि इस अंतिम दिनांक को आगे नहीं बढ़ाया जाएगा। एसईटी और एसआईटीईईई दोनों कम्प्यूटर-बेस्ड टेस्ट हैं, जिनका संचालन सिम्बायोसिस इंटरनेशनल (डीम्ड युनिवर्सिटी) द्वारा कई अंडरग्रेजुएट प्रोग्रामों के लिए किया जाता है। इनके जरिए छात्र सिम्बायोसिस संस्थानों में बीबीए, बीसीए, बीए, बीएससी और बीटेक में प्रवेश पा सकते हैं। उम्मीदवार दो बार तक टेस्ट दे सकते हैं, जिसमें से ज्यादा स्कोर के आधार पर परसेंटाइल की गणना की जाती है।

एसोचैम का अनुमान, आंतरिक मांग से देश की वृद्धि दर को मिलेगी मजबूती

वैश्विक संकट के बावजूद भी भारत की वृद्धि दर चालू वित्त वर्ष में ऊंची बनी रहने का अनुमान

● नई दिल्ली / राज न्यूज नेटवर्क

भारत के प्रमुख उद्योग मंडल एसोचैम का अनुमान है कि वैश्विक स्तर पर भू-राजनीतिक संकटों के चलते आपूर्ति श्रृंखलाओं के व्यवधान से वैश्विक अर्थव्यवस्था की वृद्धि दर मंद हो सकती है पर भारत आंतरिक उपभोग और निवेश मांग की बदौलत अगले वित्त वर्ष 2026-27 सात प्रतिशत से ऊपर की तेज गति से वृद्धि की राह पर बना रहेगा।

एसोचैम का मानना है कि 2026 में वैश्विक वृद्धि दर नरम पड़ कर 3 प्रतिशत से नीचे रह सकती है। संगठन ने आगाह किया है कि चूँकि रुपये के मूल्य में काफ़ी गिरावट आई है, इसलिए घरेलू बाजार में एलपीजी सिलेंडरों जैसे कुछ क्षेत्रों में ऊर्जा की कीमतें भी बढ़ी हैं और इसका असर आने वाले समय में महंगाई के रुझानों पर देखने को मिलेगा। उद्योग मंडल ने गुरूवार को एक विज्ञप्ति में

कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था पर पश्चिम एशिया युद्ध के असर को कम करने के लिए सरकार द्वारा उठाए गए कदम असरदार और सही समय पर हैं। एसोचैम के अध्यक्ष निर्मल के. मिंडा ने कहा कि भारत की अर्थव्यवस्था तेज़ी से बढ़ रही है और वित्त वर्ष 2025-26 में जीडीपी में 7.6 प्रतिशतकी बढ़ोतरी होने की उम्मीद है।

मिंडा ने कहा कि पिछले कई सालों से सुधारों के ज़रिए सरकार का मज़बूत समर्थन बिज़नेस के भरोसे को बढ़ाता है। घरेलू खपत का रुझान कई सालों के सबसे ऊँचे स्तर पर है, जिसे कर व्यवस्था में सुधार और'ईज़ ऑफ़ डूइंग बिज़नेस' में किए गए साहसी सुधारों से समर्थन मिला है, और निवेश भी उसी रफ़्तार से बढ़ रहा है। मिंडा ने कहा,'आगे उम्मीद है कि भारत की वृद्धि अगले वित्त वर्ष 2026-27 में सात प्रतिशत से ऊपर बना रहेगा, जबकि ग्लोबल ग्रोथ के तीन प्रतिशत से नीचे गिरने का डर है।' एसोचैम का कहना है कि 2025-26 के लिए भारत की जीडीपी वृद्धि का अनुमान लगभग 7.6 प्रतिशत पर अपरिवर्तित बना हुआ है, और आने वाले वित्त वर्ष, 2026-27 में 7 प्रतिशत से ज़्यादा की वृद्धि की उम्मीद है भू-राजनीतिक और अमेरिका में ऊंचे शुल्क से जुड़ी चुनौतियों के बावजूद, भारत की वृद्धि दर पिछले तीन सालों में सात प्रतिशत से ज़्यादा की रही है। फरवरी 2026 के महीने में भारत का विनिर्माण क्षेत्र संबंधी परचेजिंग मैनेजर्स इंडेक्स 56.9 और सेवा क्षेत्र पीएमआई 58.1 पर रहा जो अमेरिका , चीन और जर्मनी में सबसे ज्यादा रहे।

वैश्विक अर्थव्यवस्था पर पड़ेगा गहरा असर

पश्चिम एशिया में चल रहे इस संघर्ष का वैश्विक अर्थव्यवस्था पर काफ़ी गहरा असर पड़ेगा। ऊर्जा आपूर्ति श्रृंखलाओं में आने वाली बड़ी रुकावटों के कारण विश्व के सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि 3 प्रतिशत से भी नीचे गिर सकती है। पश्चिम एशिया तेल, एलएनजी, पेट्रोकेमिकल्स, उर्वरकों और एल्युमीनियम का एक प्रमुख आपूर्तिकर्ता है इसलिए इस क्षेत्र में होने वाले घटनाक्रमों का असर ऊर्जा, ऑटोमोटिव, निर्माण, इलेक्ट्रॉनिक्स, तथा कृषि और खाद्य आपूर्ति -ृखलाओं पर भी पड़ेगा। अंतर्राष्ट्रीय पर्यटन पर बहुत बुरा असर पड़ा है, जिसका वैश्विक जीडीपी में लगभग 11 प्रतिशत योगदान है, और इसका असर वैश्विक विकास पर भी पड़ेगा। अनुमान है कि कुल मिलाकर, अमेरिका और इजरायल के साथ ईरान के लंबे समय तक चलने वाले युद्ध से लॉजिस्टिक्स की लागत बढ़ सकती है।

सरसों के दाम में सुधार से तेल तिलहन में तेजी

● नई दिल्ली / राज न्यूज नेटवर्क

किसानों की ओर से कम आवक और बड़ी तेल मिलों द्वारा सरसों के दाम 200-300 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ाये जाने के बाद सरसों तेल-तिलहन कीमतों में आई तेजी के असर से देश के तेल-तिलहन बाजार में अधिकांश तेल-तिलहनों के दाम मजबूत हो गये।

सामान्य कामकाज के बीच मूंगफली तेल-तिलहन के भाव स्थिर रहे। मलेशिया एक्सचेंज में 3.30 बजे लगभग 1.75 प्रतिशत की तेजी थी। शिकॉगो एक्सचेंज में लगभग 2.5 प्रतिशत की तेजी थी और फिलहाल भी यहां सुधार जारी है। बाजार सूत्रों के मुताबिक सरसों की आवक 10 लाख बोरी से भी घटकर लगभग आठ लाख बोरी रह गई है।

जाहिर सूचना

भूखंड क्रमांक 183 विद्या नगर इंदौर

यह की श्रीमती कोमल चेलवानी, श्रीमती काजल चेलवानी एवं श्रीमती किरन चेलवानी ने भूखंड क्रमांक 183 विद्या नगर इंदौर को क्रय करने का सौदा श्री मनीष धिंदवानी S/o श्री बिहारी लाल धिंदवानी से किया होकर आंशिक बयाना राशि एडवांस कर दी है यह की उक्त भूखंड के पंजीकृत वक्रय विलेख 1अ /5024/1967 पंजीकृत दिनांक 08/11/1967 एवं दान पत्र क्रमांक 1अ /8111 दिनांक **23/12/1972** पूर्व में खो चुके है जिसके समबन्ध पुलिस कार्यवाही विधिवत की गयी है यह की प्रस्तावित क्रेतागण के द्वारा उक्त संपत्ति को क्रय करने के लिए मेरे पक्षकार भारतीय स्टेट बैंक शाखा **HLC 1** इंदौर से होम लोन लिया जाना प्रस्तावित है उक्त संपत्ति वर्तमान में कोटक महिंद्रा बैंक में इंदौर में बंधक है यह की उक्त गुम हुए पंजीकृत विक्रय पत्र एवं दान पत्र के आधार पर उक्त संपत्ति को क्रय करने में एवं भारतीय स्टेट बैंक शाखा **HLC 1** में बंधक रखे जाने में यदि किसी व्यक्ति / बैंक/ संस्था/ निकाय का कोई हक़ अधिकार / दावा /ऋण / बंधक/ न्यायिक विवाद हो तो सम्बंधित पक्षकार जाहिर सुचना प्रकाशन की तिथि से 15 दिवस के भीतर अपनी लिखित आपत्ति मय असल दस्तावेजों के साथ मेरे कार्यालयय उपस्थित होये। बाद मियाद कोई अप्पति मान्य नहीं होगी और विक्रय पत्र का पंजीयन हो जाने के उपरांत उक्त संपत्ति का बंधक भारतीय स्टेट बैंक शाखा **HLC 1** के हित में पंजीकृत करवा लिया जावेगा।

शरद पी. श्रीवास्तव (एडवोकेट हाई कोर्ट)
ऑफिस 211-A, रौनक प्रथम पैराडाइस वैभव नगर कनाडिया रोड, इंदौर (म. प्र.)

ओला इलेक्ट्रिक देश में ग्राहकों के लिए शुरू करेगी एंड आईसीई एज अभियान

● नई दिल्ली / राज न्यूज नेटवर्क

ओला इलेक्ट्रिक ने गुरुवार को 'एंड आईसीई एज' अभियान शुरू करने की घोषणा की, जिसका उद्देश्य भारत में इलेक्ट्रिक वाहनों के प्रसार को तेजी से बढ़ावा देना है। कंपनी ने बताया कि इस अभियान के तहत वह अपने एस1 एक्स (2 किलोवाट घंटा) और रोडस्टर एक्स (2.5 किलोवाट घंटा) मॉडल की शुरुआती कीमत 49,999 रुपये रख रही है। इसके साथ ही पूरे उत्पाद समूह पर 50,000 रुपये तक के लाभ भी दिए जा रहे हैं, जो 31 मार्च तक मान्य होंगे। कंपनी का कहना है कि इस पहल से इलेक्ट्रिक वाहन आम लोगों के लिए अधिक आकर्षक विकल्प बनेंगे, खासकर ऐसे समय में जब ईंधन की कीमतें

लगातार बढ़ रही हैं। ओला इलेक्ट्रिक के चेयरमैन भाविश अग्रवाल ने कहा कि कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव ने ऊर्जा सुरक्षा के महत्व को फिर से सामने ला दिया है और देश को ऊर्जा के वैकल्पिक साधनों की ओर तेजी से बढ़ना होगा। उन्होंने कहा कि एंड आईसीई एज' अभियान के तहत कंपनी अपने उत्पादों को किफायती कीमत, भरोसेमंद सेवा और भविष्य में आसान बदलाव की सुविधा के साथ पेश कर रही है।

आठ साल की दी जा रही है ग्राहकों को विस्तारित वारंटी

कंपनी ने ग्राहकों के लिए सेवा से जुड़ी कई सुविधाएं भी दी हैं, जिनमें तय समय के भीतर सेवा, खरीद वापसी गारंटी और लंबी अवधि की वारंटी शामिल है। यदि सेवा में देरी होती है तो ग्राहकों को मुफ्त टैक्सी सुविधा भी दी जाएगी। इसके अलावा कंपनी ने बताया कि उसके सभी एस1 स्कूटर और रोडस्टर मोटरसाइकिल पर अब आठ साल की विस्तारित वारंटी दी जा रही है, जिससे ग्राहकों को लंबे समय तक भरोसा और सुविधा मिल सके।

चांदी की कीमत में 14,000 रुपए तक की गिरावट दर्ज

नई दिल्ली, आरएनएन। अंतरराष्ट्रीय बाजार में बढ़ते दबाव और मजबूत अमेरिकी डॉलर के चलते घरेलू वायदा बाजार में सोना और चांदी की कीमतों में आज राम नवमी के दिन यानी गुरुवार को बड़ी गिरावट दर्ज की गई। एमसीएक्स पर शाम 5 बजे ट्रेडिंग शुरू होते ही सोने की कीमतों में करीब 2.43 प्रतिशत करीब 3064 रुपये की गिरावट देखने को मिली, जिससे इसका भाव गिरकर लगभग 1,40,830 प्रति 10 ग्राम के स्तर पर आ गया। वहीं, चांदी की कीमतों में इससे भी ज्यादा कमजोरी रही और यह लगभग 5.88 प्रतिशत यानी 14,000 रुपये तक फिसलकर 2,24,605 रुपए प्रति किलोग्राम पर पहुंच गई। वैश्विक बाजार में सोने की कीमतों में आज कमजोरी देखने को मिली। कॉमेक्स पर स्पॉट गोल्ड करीब 2.63 प्रतिशत गिरकर 4,432 डॉलर प्रति औंस के स्तर पर आ गया। बाजार में गिरावट की मुख्य वजह अमेरिकी डॉलर की मजबूती रही, जो गुरुवार को 94 के स्तर के ऊपर बना रहा। डॉलर के मजबूत होने से सोना महंगा हो जाता है। वैश्विक बाजार में चांदी की कीमतों में भारी गिरावट दर्ज की गई।

इंडसइंड ने पेश किया कैपिटल गेन अकाउंट स्कीम

मुंबई, आरएनएन। इंडसइंड बैंक ने कैपिटल गेन अकाउंट स्कीम पेश की, जिसके तहत ग्राहक पुनर्निवेश तक दीर्घकालिक पूंजीगत लाभ को जमा रख सकते हैं और इस दौरान आयकर कानून के तहत कर छूट का लाभ उठा सकते हैं। यह योजना पूंजीगत लाभ को पुनर्निवेश तक सुरक्षित और नियमों के अनुरूप रखने की सुविधा प्रदान करती है।

CHANGE IN NAME

I, **Nizamuddin Qureshi** here by declare that I have changed my name as **NIZAM QURESHI.** so, from now and in future I will be known by my new name **NIZAM QURESHI.**
NIZAM QURESHI S/O SHAFIUDDIN QURESHI R/O- Plot No. 30, Super Palace Colony, Khajrana, Kanadiya, Indore, Distt. Indore, Madhya Pradesh. Pin:-452016

पश्चिम रेलवे
वडोदरा मंडल

मौजूदा OHE में OHE संशोधन और अन्य संबंधित TRD कार्य

निविदा सूचना सं. इएल-टीआरडी-टेंडर-25-26-35 भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेल प्रबंधक (कर्षण वितरण) वडोदरा द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिये मुहरबंद निविदाएँ आमंत्रित की जाती है। **निविदा संख्या और कार्य का नाम: इएल-टीआरडी-टेंडर-25-26-35** विश्वमित्री स्टेशन पर मौजूदा ओएचई में ओएचई में संशोधन एवं अन्य संबंधित टीआरडी कार्य प्लेटफार्म के विस्तार और स्टेशन को टर्मिनल स्टेशन के रूप में विकसित करने, रानोली-बाजवा के अंतिम छोरों को जोड़ना और वडोदरा स्टेशन पर वडोदरा, अहमदाबाद एवं गोधरा के लिए दोनों को प्रेषण के लिए स्टार्टर सिग्नल के संबंध में ओएचई में संशोधन कार्य। **कार्य की अनुमानित लागत (रू):** ₹ 6,96,01,383.14/- **बोली प्रतिभूति (रु):** ₹ 4,98,000/- **निविदा की राशि एवं कार्य समापन की अवधि:** कार्य समापन की अबाधि 18 माह **निविदा की समय सारणी:** निविदा बंद होने का दिनांक एवं समय 20/04/2026,15-00 बजे **वेबसाइट विवरण और सूचना का लोकेशन जहां पूर्ण विवरण देखा जा सकता है तथा कार्यालय का पता विवरण जानकारी के लिये:** वेबसाइट विवरण www.ireps.gov.in मंडल रेल प्रबंधक (कर्षण वितरण) पश्चिम रेलवे, प्रतापनगर, वड़ोदरा - 390004 BRC 405
हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly

बैंक ऑफ़ बड़ौदा Bank of Baroda
क्षेत्रिय कार्यालय, इन्दौर क्षेत्र - बड़ौदा कॉम्प्लेक्स, प्लॉट नं. 12, आर.सी. प्रथम तल,स्कीम नं 134, निपानिया, इन्दौर- 452010 (म.प्र.) - फोन नं. 0731-2437012/38
विषय : अतिदेय / बकाया लॉकर किराए के भुगतान के लिए नोटिस

क्रं.	लॉकर धारक का नाम एवं लॉकर नं.	पता	बकाया लॉकर किराया	भेजे गए नोटिस का विवरण	दिनांक से अतिदेय	शाखा का नाम
1	2	3	4	5	6	7
1	सतीश जैन पिता परकेश जैन लॉकर नंबर : 7850AX0188	फ्लेट नंबर सी-402, यश एलीट्स, देवी अहिल्या कॉलोनी वाय.एन. रोड इंदौर 452003	14,160.00	1) 26-06-2025 2) 06-10-2025	25.05.2022	सिद्धार्थ प्लाजा शाखा
2	सतीश जैन पिता परकेश जैन लॉकर नंबर : 7850AX0322	फ्लेट नंबर सी-402, यश एलीट्स, देवी अहिल्या कॉलोनी वाय.एन. रोड इंदौर 452003	14,160.00	1) 26-06-2025 2) 06-10-2025	13.05.2022	सिद्धार्थ प्लाजा शाखा

उपर्युक्त सभी लॉकर धारकों का **बैंक ऑफ बड़ौदा** में लॉकर हैं। हमने उपरोक्त तालिका के कॉलम 5 में उल्लिखित तिथियों पर बकाया लॉकर किराए के भुगतान के संबंध में विभिन्न पत्र भेजे गए हैं। हालांकि विभिन्न अनुस्मारकों के बावजूद इसका भुगतान नहीं किया गया है। सभी लॉकर धारकों को एक बार फिर सलाह दी जाती है कि वे इस अधिसूचना के प्रकाशन से **15 दिनों** के भीतर उपरोक्त तालिका के कॉलम नंबर 4 में उल्लिखित बकाया किराया जमा करें। भुगतान न करने की स्थिति में इस प्रकाशन /सूचना की तिथि से **15 दिनों** के बाद बैंक, लॉकर धारकों के लॉकर को उनकी ही लागत, व्यय और प्रभार पर विधिक ड्रिल करके खोल देगा और लॉकर धारक इस प्रक्रिया की किसी भी जोखिम और जिम्मेदारी पर होंगे।
दिनांक : 26.03.2026, स्थान : इन्दौर प्राधिकृत अधिकारी- **बैंक ऑफ बड़ौदा**

कार्यालय नगर पालिक निगम, इन्दौर
(जनकार्य विभाग)
ई-मेल: jankarya.vibhag2023@gmail.com, फोन : 7440440233
निविदा विज्ञप्ति क्र.: 145/सिविल/ 25-26/ग्रुप न.-01 से ग्रुप न.-10 तक
निविदा आमंत्रण
दिनांक: 23.03.2026
केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदार से (MPUADD Road & Bridge SOR Date - 08-11-2025 /NON SOR/ BUILDING SOR DATE - 02-08-2021 पर आधारित) ऑन लाईन निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता हैं।

ग्रुप क्र.	टेंडर क्र.	कार्य का नाम	कार्य की समयावधि एवं लागत	निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं ई.एम.डी.	निविदा क्रय करने एवं खोलने की अंतिम तिथि
01	2026_UAD_492876_1	झोन क्र. 05 वार्ड क्र. 23 के अन्तर्गत आदर्श बिजासन नगर में स्थित सामुदायिक भवन के प्रथम तक पर हॉल का निर्माण करना एवं आवश्यकतानुसार शेष रहे आवश्यक सिविल कार्य करना। (द्वितीय आमंत्रण)	180 दिवस ₹44,67,732/-	₹5,000/- ₹33,600/-	07-04-2026 6.00 PM 09-04-2026
02	2026_UAD_492877_1	झोन क्र. 11 वार्ड क्र. 48 के अन्तर्गत देवी इन्द्रा नगर में क्षतिग्रस्त सड़क के स्थान पर नवीन सड़क निर्माण करना। (द्वितीय आमंत्रण)	120 दिवस ₹13,32,583/-	₹2,000/- ₹10,000/-	07-04-2026 6.00 PM 09-04-2026
03	2026_UAD_492878_1	झोन क्र. 19 वार्ड क्र. 76 के अन्तर्गत मानवता नगर दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर उद्यान के आसपास एवं म.न. 123 से 182 तक पेव्हर ब्लॉक लगाना। (द्वितीय आमंत्रण)	120 दिवस ₹10,71,663/-	₹2,000/- ₹8,100/-	07-04-2026 6.00 PM 09-04-2026
04	2026_UAD_492879_1	झोन क्र. 07 वार्ड क्र. 34 के अन्तर्गत म.न. 326 ई.एस/3 पानी की टंकी के सामने से म.न. 366 ई.एस/3 तक एवं 325 ई.एस/3 से 342 ई.एस/3 तक रोड़ का सिमेन्टीकरण करना। (द्वितीय आमंत्रण)	180 दिवस ₹21,30,124/-	₹5,000/- ₹16,000/-	07-04-2026 6.00 PM 09-04-2026
05	2026_UAD_492880_1	झोन क्र. 10 वार्ड क्र. 40 के अन्तर्गत शहंशाह मालवा कॉलोनी एवं उक्त कॉलोनी के समकक्ष कच्चे मार्गो पर सीमेन्ट कांक्रीट करना। (द्वितीय आमंत्रण)	180 दिवस ₹35,99,889/-	₹5,000/- ₹27,000/-	07-04-2026 6.00 PM 09-04-2026
06	2026_UAD_492881_1	झोन क्र. 05 वार्ड क्र. 20 के अन्तर्गत सुखलिया गॉव में सार्व. शौचालय के सामने की गलियों, देवश्री कॉलोनी में राधेश्याम जी के घर के पास आवश्यकतानुसार कच्ची गलियों में सीमेन्ट कांक्रीट करना। (द्वितीय आमंत्रण)	180 दिवस ₹37,27,231/-	₹5,000/- ₹28,000/-	07-04-2026 6.00 PM 09-04-2026
07	2026_UAD_492882_1	झोन क्र. 12 वार्ड क्र. 65 के अन्तर्गत सिन्धु नगर म.न. 64 के सामने से केदारनाथ अपार्टमेंन्ट तक रोड़ का सिमेन्टीकरण करना। (द्वितीय आमंत्रण)	180 दिवस ₹45,50,875/-	₹5,000/- ₹34,200/-	07-04-2026 6.00 PM 09-04-2026
08	2026_UAD_492883_1	झोन क्र. 11 वार्ड क्र. 48 के अन्तर्गत पंचरत्न अपार्टमेंन्ट मनोरमागंज में शेख हातिम गार्डन मनोरमागंज तक क्षतिग्रस्त रोड़ के स्थान पर नवीन सड़क निर्माण करना। (द्वितीय आमंत्रण)	180 दिवस ₹22,58,936/-	₹5,000/- ₹17,000/-	07-04-2026 6.00 PM 09-04-2026
09	2026_UAD_492884_1	झोन क्र. 05 वार्ड क्र. 23 के अन्तर्गत आदर्श बिजासन नगर पहुंच मार्ग एवं गलियों की सड़क का सिमेन्टीकरण करना। (द्वितीय आमंत्रण)	180 दिवस ₹42,73,679/-	₹5,000/- ₹32,100/-	07-04-2026 6.00 PM 09-04-2026
10	2026_UAD_492885_1	झोन क्र. 05 वार्ड क्र. 20 के अन्तर्गत मुख्य मार्ग खातीपुरा से रोहित चौधरी के घर के सामने से पूर्व पार्षद श्री महेन्द्र चौधरी के घर के आगे तक की सड़क का सिमेन्टीकरण करना। (चतुर्थ आमंत्रण)	240 दिवस ₹1,80,27,463/-	₹12,500/- ₹90,200/-	07-04-2026 6.00 PM 09-04-2026

नोट:- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाइन https://mptenders.gov.in/ की वेबसाइट पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।
प्रतिबंधित पॉलिथीन, कैरीबैग के निर्माण/ विक्रय/ उपयोग करने पर दंड व सजा का प्रावधान है।
कार्यपालन यंत्री
जनकार्य विभाग
नगर पालिक निगम, इन्दौर

पश्चिम रेलवे
सामग्री प्रबंधन विभाग
ई-नीलामी बिक्री कार्यक्रम में संशोधन
पी. वे और अन्य विभिन्न स्क्रैप के लिए मार्च 2026 में अतिरिक्त ई-नीलामी बिक्री कार्यक्रम
कृपया इस कार्यालय की ई-नीलामी बिक्री अधिसूचना संख्या **SIII/Auction Programme-1/मार्च-2026, दिनांक 06.02.2026** देखें। निम्नलिखित डिपो के लिए **मार्च 2026** में आयोजित होने वाले रेलवे स्क्रैप सामग्री के निपटान हेतु निम्नलिखित अतिरिक्त ई-नीलामी कार्यक्रम नीचे दिया गया है।

डिपो	मार्च, 2026 के लिये अतिरिक्त ई-नीलामी कार्यक्रम	मंडल प्रभारी अधिकारी	संपर्क सूत्र
मुंबई सेंट्रल	30.03.2026	सी. डिवीजनल मटेरियल्स मैनेजर- मुंबई सेंट्रल	02223094142 09004499006

अन्य सभी नियम व शर्तें अपरिवर